तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

[ कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

12 गणेश घाट में मनाई गई ऋषि पंचमी



14 धमतरी के खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर लहराया...



## खबर संक्षेप

### कालेज की रिक्त सीट पर प्रवेश 5 सितंबर तक

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में जिन कक्षाओं में रिक्त सीट बची है, उन कक्षाओं में 5 सितंबर तक इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी डॉ. विनोद कुमार पाठक प्र. प्राचार्य ने दी है।

### सतनामी समाज की बैठक कल

**धमतरी।** जिला सतनामी समाज की बैठक 31 अगस्त को गुरु बालकदास भवन जोधापुर धमतरी में दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में समाज की वर्तमान दशा व दिशा पर चर्चा की जाएगी व भविष्य की कार्ययोजना तय होगी। अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर को

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक फार्म जमा होंगे। 5वीं, 6वीं के लिए 35 रुपए एवं 7वीं से 12वीं कक्षा के लिए 40 रुपए फीस निर्धारित है। ओएमआर सीट दी जायेगी। विकासखंड, जिला, राज्य स्तर पर आकर्षक इनाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे। परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### बकली में अखण्ड रामधुनी 17 सितंबर से

- ख्यातिप्राप्त 15 मंडलियां देंगी अपनी प्रस्तुति

**सिर्री।** ग्राम बकली में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता 17 सितंबर से आयोजित की गई है जिसमें ख्यातिप्राप्त जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली डोकला चारामा, जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा छाती, दीप्ति रामधुनी मंडली रानीतराई पाटन, संगम रामधुनी सुपेला भखारा, सिया के राम लोककला रामधुनी सोहतरा बालोद, मोर छत्तीसगढ़ अंचल रामधुनी मंडली बानगर कुरूद, तुलसी के वाणी लोक संस्कृति रामधुनी मंडली उड़ेना छाती, जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा, नव ज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगन्नाथ बालोद, जय श्रीराम रामधुनी मंडली चम्पारण नवापारा राजिम, संगम रामधुनी मंडली छिपकली मेघा, जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली चिरपोटी भखारा, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली आमदी धमतरी, कृष्ण रामधुनी मंडली तमोरा बालोद, जय मां अंगारमोती रामधुनी मंडली बोड़रा कसही मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। यह जानकारी जागेश्वर साहू अध्यक्ष, अंकालुराम नगारची ग्रामीण कोषाध्यक्ष, राधेश्याम साहू सचिव आकाश कुमार ने दी।

धमतरी ग्रामीण के मुकाबले नगरी में तीन गुना अधिक कुपोषित बच्चे

# कुपोषण के खिलाफ जंग में वनांचल की स्थिति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में जिले का वनांचल क्षेत्र काफी पीछे रह गया है। धमतरी ग्रामीण में कुपोषण का स्तर 5 प्रतिशत से कम है, वहीं नगरी ब्लाक में कुपोषण का प्रतिशत 13 से अधिक है। शासन-प्रशासन द्वारा बच्चों को सुपोषित करने कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन नगरी, मगरलोड ब्लाक में योजनाएं फिसड्डी साबित हो रही हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई 2025 में धमतरी ग्रामीण के 9 सेक्टर में 12513 बच्चों में से गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 55 है तथा कुपोषित बच्चों की संख्या 482 है। यहां कुपोषित बच्चों का प्रतिशत 4.29 है। धमतरी शहर के 3 सेक्टर में 4788 बच्चों में गंभीर कुपोषित की संख्या 52 है जबकि कुपोषित बच्चों की संख्या 265 है। शहरी क्षेत्र में कुपोषण का स्तर 6.62 है। कुरूद ब्लाक के 11 सेक्टर में 17977 बच्चों में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 183 तथा कुपोषण बच्चों की संख्या 1187 है। कुरूद ब्लाक में कुपोषण का स्तर 7.62 प्रतिशत है। मगरलोड के 7 सेक्टर के 9456 बच्चों में से गंभीर कुपोषित की संख्या 141 तथा कुपोषित बच्चों की संख्या 909 है। मगरलोड में कुपोषण का स्तर 11.10 प्रतिशत है। नगरी ब्लाक के 12 सेक्टर में 11685 बच्चों में से गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 210, वहीं कुपोषित बच्चों की संख्या 1314 है। यहां का कुपोषण प्रतिशत 13.13 है। जिले के 42 सेक्टर में 56419 बच्चों में गंभीर कुपोषण की संख्या 651 तथा कुपोषित बच्चों की संख्या 4808 है। जिला स्तर पर कुपोषण का प्रतिशत 8.52 है।

### पालकों में जागरुकता की कमी

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी महेश मरकाम ने बताया कि जिले में 1159 आंगनबाड़ियां हैं जहां बच्चों को पोषण आहार के रूप में नाश्ता भोजन दिया जाता है। लेकिन वनांचल क्षेत्र में माता- पिता अपने बच्चों के खानपान तथा देखरेख में ध्यान नहीं दे पाते हैं। पालक के जागरुक नहीं होने के कारण वनांचल में कुपोषण अन्य क्षेत्र के मुकाबले अधिक है।




### वनांचल क्षेत्र में विशेष अभियान की जरूरत

नगरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों का कहना है कि वनांचल क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है। इसे देखते हुए नगरी, मगरलोड ब्लाक में विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण कुरूद जैसे जागरुक क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### जहां जरूरत वहां पर भी स्टाफ की कमी

कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में आयुष विभाग भी मैदान में है। चारों ब्लाक के आयुष क्लिनिक तथा जिला अस्पताल के पाली क्लिनिक में स्वर्ण प्राशन के माध्यम से सुपोषण के लिए जंग लड़ी जा रही है। कुरूद ब्लाक में इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया लेकिन नगरी, मगरलोड जैसे जरूरतमंद ब्लाक में विशेष अभियान की कोई योजना नहीं है। आयुष के डा. अवध पचौरी बताते हैं कि उनके पास लिमिटेड स्टाफ है। वनांचल में छोटे छोटे कलस्टर में लोग रहते हैं। स्टाफ की कमी से विशेष अभियान नहीं चलाया जा पा रहा है। डा. पचौरी का कहना है कि वनांचल के रहवासियों में आज भी जागरुकता की कमी है। शारीरिक समस्या पर वे झाड़ फूंक को ज्यादा महत्व देते हैं। आहार, मेडिटेशन में ध्यान नहीं देने के कारण एनीमिया, कैल्शियम की कमी से गर्भवती महिलाएं जूझती हैं जिससे जच्चा बच्चा दोनों कुपोषण के शिकार बन जाते हैं।

# राष्ट्रीय स्तर के 107 खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

- मेजर ध्यानचंद जयंती पर इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें जिले के 107 राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मोर खेल मोर गौरव सम्मान से सम्मनित किया गया। इन्होंने विभिन्न राज्यों में जाकर छग का प्रतिनिधित्व किया एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किया। सम्मानित खिलाड़ियों में सौम्या सोनबेर, प्रियंका पटेल, उदय गड़ेवाल, तीरथ राज ध्रुव, खिलेश्वर, साहिल प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन खिलाड़ियों सहित 5 पैरा एथलीट, 3 स्क्वेश, 5 किक बॉक्सिंग, 7 बाल बैडमिंटन, 17 नेटबॉल, 15 पावर लिफ्टिंग, 28 कुश्ती तथा 22 कराते खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें स्मृति चिन्ह दिया गया।





शुभारंभ अवसर के अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, छग पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद थे।अतिथि ओंकार साहू ने कहा कि मेजर ध्यानचंद अनुशासन और परिश्रम के प्रतीक हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं है बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। युवा खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर देश का नाम रोशन करें। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी की धरती ने सदैव खिलाड़ियों का सम्मान किया है। शासन-प्रशासन खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन खिलाड़ियों को नई ऊर्जा और दिशा देगा।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक रंजना साहू, नेहरू निषाद, एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने भी संबोधित किया।

पहले दिन 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, रस्साकसी स्पर्धा हुई। स्पर्धा में जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम राहुल, द्वितीय मुरलीधर, 100 मीटर दौड़ बालक 20 वर्ष से उपर में प्रथम अंश यादव, द्वितीय आयुष, 100 मीटर दौड़ बालिका में प्रथम चन्द्रकला, द्वितीय आरती निर्मलकर, 100 मीटर दौड़ (पैरा), बालिका में प्रथम ज्योति, द्वितीय पलक रही। 400 मीटर दौड़ 20 अंडर बालक में प्रथम लोकेश दास, द्वितीय आयुष, 400 मीटर दौड़ बालक 20 वर्ष से अधिक में प्रथम रामकरण, द्वितीय राहुल रहे। रिले रेस में प्रथम चेतन एवं साथी, द्वितीय राहुल रहे। रिले रेस में प्रथम चेतन एवं साथी कुरूद टीम, द्वितीय आशीष एवं साथी धमतरी टीम, रस्साकसी में मूकबधिर विद्यालय धमतरी टीम विजेता रही।

# बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

- केंद्रीय उर्जा मंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने केंद्रीय उर्जा मंत्री तथा मुख्यमंत्री को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। मांगों का निराकरण नहीं होने पर 9 अक्टूबर को पावर कंपनी मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

छग बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के जिला संयोजक लालाराम साहू ने बताया कि स्टेट पावर कंपनीज के कर्मचारियों से संबंधित श्रमिक समस्याओं के निराकरण के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 29 अगस्त को आमसभा, प्रदर्शन कर शासन का ध्यानाकर्षित कर 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा गया है।

जिसमें राज्य सरकार की तरह पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना लागू करने, पावर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पूर्व की भांति नियमित करने, तकनीकी कर्मचारियों को भी 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता देने, सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन योजना, चतुर्थ उच्चतर वेतनमान लागू करने, तीन के स्थान पर छः स्टेगनेशन एलाउंस लागू करने, रिक्त पदों पर शीघ्र नई भर्ती करने, भर्ती प्रक्रिया में आउटसोर्स ठेकाकर्मियों को प्राथमिकता देने, ठेका कर्मचारियों को हरियाणा सरकार की तर्ज पर पावर कंपनी से वेतन, मजदूरी भुगतान तथा जॉब सिक्युरिटी 62 वर्ष सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# ट्रैक्टर को ओवरटेक करते हुए बाइक चालक की दबने से मौत

- नवागांव हाईस्कूल के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ट्रैक्टर का ओवरटेक करते बाइक चालक की दबने से की मौत हो गई।

थाना से मिली जानकारी अनुसार 29 अगस्त को ग्राम हसदा करेली बड़ी चौकी निवासी ताम्रज ध्रुव पिता चैतूराम ध्रुव उम्र 30 वर्ष सुबह घर से 8.15 बजे मोटरसाइकिल साइन होंडा सीजी 05 वी 7855 में अपनी पत्नी को ससुराल से लाने के लिए निकला हुआ था। लगभग 8.30 बजे मेन रोड नवागांव हाईस्कूल के पास कुंडेल से गिट्टी भरकर आ रहे महेंद्रा ट्रैक्टर सीजी 05 जी 7469 को ओवरटेक करने करते समय बाइक चालक युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। सिर व पीठ में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक शेषनारायण पांडे सहित स्टॉफ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा, पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। ट्रैक्टर को थाने में खड़ा किया गया है।



### पुलिस ने 20 टीम गठित कर चलाया निश्चय अभियान

# पुलिस ने जिले के 43 स्थानों पर दबिश देकर नशे पर किया प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने जिले के 43 स्थानों पर दबिश देकर चाकूबाज, अवैध शराब, स्थायी वारंटी सहित सूखे नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुरूवार को विशेष सघन निश्चय अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के 43 स्थानों पर दबिश दी गई। इस अभियान के लिए पुलिस की अलग-अलग कुल 20 टीम बनाई गई थी। टीम ने गुंडा-बदमाश, असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की ।



अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत सूखे नशे के 12 सौदागर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 4 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा व 13.06 ग्राम हेरोइन-चिट्टा जब्त किया गया। आबकारी एक्ट के तहत 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 9.760 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। वहीं धारा 170 बीएनएस के तहत 25 प्रकरण में 25 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। धारा 126-135 बीएनएस के तहत 25 मामले दर्ज कर 25 आरोपियों को पकड़ा गया। इसी तरह आर्म्स एक्ट के तहत चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं 2 गिरफ्तारी वारंटी व 2 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। अन्य 31 आरोपियों के खिलाफ पुलिस को बार-बार शिकायत प्राप्त हो रही थी। आरोपियों को पकड़कर पुलिस लाइन में उनकी परेड कराकर नशे से दूर रहने और किसी भी अवैध गतिविधियों में शामिल न होने की शपथ दिलाई गई। पुलिस नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने एवं गुंडा-बदमाशों पर अंकुश लगाने लगातार सघन अभियान चला रही है।

जिले भर में 30 सितंबर तक चलेगा अभियान, बच्चों को दी जा रही विटामिन ए की खुराक

# दो जनप्रतिनिधियों ने किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल के ओपीडी भवन में दो जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य में बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिले भर में 30 सितंबर तक चलेगा।

जिले में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ शुक्रवार को जिला अस्पताल के ओपीडी भवन में किया गया। शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ पहले विधायक ओंकार साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधायक ने बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाई। इस दौरान विधायक के साथ पार्षद विशु देवांगन, योगेश लाल, आकाश गोलछा थे। अस्पताल प्रबंधन ने विधायक सहित सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।





विधायक के जाने के बाद महापौर रामू रोहरा कार्यक्रम में पहुंचे। महापौर ने बच्चे को विटामिन ए की खुराक देकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर के साथ भाजपा महामंत्री महेन्द्र पंडित, पार्षद संजय देवांगन, पिन्टू यादव, कुलेश सोनी, चन्द्रभागा साहू, नम्रतामाला पवार, श्यामलाल नेताम, पवन गजपाल, महेन्द्र खण्डेलवाल आदि मौजूद थे। अस्पताल प्रबंधन ने महापौर सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। ओपीडी में मौजूद मरीज व शिशुवती माताएं एक ही कार्यक्रम का दो बार शुभारंभ होते देख असमंजस में पड़ गईं। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था। आपस में चर्चा करते हुए एक-दूसरे से पूछ रहे थे कि यह कैसा आयोजन है। महापौर ने अभिभावकों से अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी के शिशु संरक्षण बूथ तक अवश्य लाने एवं स्वस्थ भविष्य निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेपी दीवान, डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर, सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर, डा. रविकिरण शिन्दे, मैटर्न, स्टाफ नर्स सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### हर मंगलवार व शुक्रवार को दी जायेगी सेवा

सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा, जिसमें लगभग 75882 बच्चों को विटामिन एवं 80345 बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप उपलब्ध कराई जायेगी। शिशु संरक्षण माह के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए सिरप प्रत्येक 6 माह के अंतराल में दी जायेगी। अभियान अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाएं दी जायेंगी।

# प्रकृति वंदन कार्यक्रम आज तक

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से 23 से 30 अगस्त तक प्रकृति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें जनता को अपने घर, गांव, बस्ती, कालोनी, मोहल्ला, नदी, तालाब, वार्ड आदि स्थानों पर पंच महाभूतों की वंदना कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने कहा गया है। परिवार, मित्र, समाज के साथ जाकर भूमि वंदन, वृक्ष वंदन, जल वंदन, गौ वंदन कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लें। प्रकृति वंदन का चित्र साझा करें। नदियों, पेड़-पौधे, तुलसी, पर्वती, जीव-जंतु, सांप की पूजा, संरक्षण के लिए प्रकृति वंदन कार्यक्रम भारत वर्ष में रखा गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



## गातापार में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा आज

**जीजामगांव।** मुस्कान गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गातापार में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को किया गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 12001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 4001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये, पंचम पुरस्कार 1001 रुपये, षष्ठम पुरस्कार 501 रूपये दिया जाएगा। युगल नृत्य पर प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये, पंचम पुरस्कार 501 रुपये, एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपये , द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 501 रूपये, पंचम पुरस्कार 301 रूपये दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष धनीराम साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, सचिव पारथ सिंह कुंजाम, कोषाध्यक्ष गुलशन साहू, संरक्षक केशव साहू, धनंजय ध्रुव, सलाहकार गुमान सिंह साहू, रेखराम यादव, सहसचिव हेमंत साहू, खेमराज यादव सहित मुस्कान गणेश उत्सव समिति नवीन गातापार सिर्री के सदस्य तथा ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### गुरु भाई व श्रद्धालुओं ने औघड़ बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं को किया नमन

# गणेश घाट में मनाई गई ऋषि पंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गुरुवार को महानदी के उद्गम स्थल सिहावा स्थित गणेश घाट में पारंपरिक श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ ऋषि पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पावन धरा पर माता महामाई विराजमान हैं। मान्यता है कि वर्षों पूर्व यहां एक तपस्वी बाबा आए, जो लोगों को प्राचीन तंत्र-मंत्र और जड़ी-बूटियों की शिक्षा प्रदान करते थे। उनके वास्तविक नाम से कोई परिचित नहीं था, लेकिन उनकी साधना और लगनशीलता के कारण सिहावा की आराध्य देवी माता भुरसी मावली ने उन्हें गणेश घाट में ज्ञान-प्रसार का स्थान प्रदान किया। कालांतर में लोग उन्हें औघट बाबा के नाम से जानने लगे। उनके द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज भी ऋषि पंचमी महोत्सव के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही है।

वहीं पर आस्था और परंपरा का संगम सिहावा को ऋषि-मुनियों और देवी-देवताओं की तपोभूमि माना जाता है। साथ ही यह महानदी का उद्गम स्थल होने के कारण आस्था का प्रमुख केंद्र है। यही कारण है कि यहां आयोजित हर पर्व विशेष धार्मिक महत्व रखता है। महोत्सव की





शुरुआत परंपरानुसार सिहावागढ़ की देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों की परघोनी एवं स्वागत-सत्कार से हुई। इसके पश्चात गुरु भाइयों ने क्रमवार गुरु महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में गुरु भाई व श्रद्धालुओं ने गुरु आश्रम में पूजा-अर्चना कर औघट बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं को नमन किया। प्राचीन ऋषि परंपरा का निर्वहन करते हुए दुर्लभ जड़ी-बूटियों का सेवन भी किया गया। गणेश घाट में आयोजित यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि प्राचीन ऋषि परंपरा और जड़ी-बूटी संस्कृति को सहेजने का भी संदेश देता है।

कार्यक्रम में सिहावा विधाय भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों ने दुर्लभ जड़ी-बूटियों की जानकारी दी है। आधुनिक समय में इन अमूल्य धरोहरों को संजोकर रखने की आवश्यकता है। इस आयोजन में ऋषि पंचमी समिति के अध्यक्ष बलदेव निषाद, ग्राम पटेल राजेश यदु, पुजारी मानसिंह पटेल, प्रीतम पटेल, नेहरू पटेल, संजय सारथी, ज्ञानसागर पटेल, नारायण दास वैष्णव, रामाराव बघेल, हरचंद निषाद, भरत निर्मलकर, रामसिंह पटेल, दीनदयाल गंधर्व, ललित निर्मलकर, अमृत साहू, धनंजय साहू, नरेंद्र पटेल, अनिल पटेल, सुनील सिंहसार, रामाधार पटेल, महेंद्र पटेल, कृष्णा पटेल, कौशल साहू, कौशल पटेल, गोलू निषाद, छोटू पटेल, मन्नू निषाद, राकेश निर्मलकर, कलम सिंह पवार, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, अंजोर निषाद, सुनील यादव, रवि भट्ट, हनी कश्यप, प्रवीण गुप्ता, बल्लू सेन, शैलेन्द्र धेनुसेवक, रिंकू निषाद, केशव पटेल, ऋषभ यदु, पिंकी यदु, रमेश पटेल, लखन साहू, कोशिश निर्मलकर, जीतू यादव, रामगणेश यादव, महेंद्र पटेल का सहयोग रहा।

## ऋषि पंचमी पर इको पार्क परिसर में उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम मेचका के इको पार्क परिसर में ऋषि पंचमी हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर ऋषि परंपरा का स्मरण किया और समाज में एकता व सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लिया।

मौके पर बृजलाल नेताम, रेवस कुमार मरकाम, भगवानसिंह मरकाम, पूर्व सरपंच ऋषिकुमार ओटी नवागांव, गया सिंह मांझी, जोहन सिंह नेताम, कपिल नेताम, भानु पुजारी, भूपेंद्र नाग, थम्मन साय ध्रुवा, नरसिंग मरकाम, टिकेश्वर नेताम, मनीष सलाम, पुनारद मरकाम, श्रीमती उपासीन बाई, फुलेश्वरी नेताम, सांवली बाई मरकाम, बजरंग महाराज, सचिव बीआर कुलदीप सचिव हुलेश प्रजापति, राम कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

## पुरूर में पधारे श्री गणेश जी



**पुरूर(धमतरी)।** श्री श्री महाराज गणेश उत्सव समिति मावली चौक पुरूर।



**पुरूर(धमतरी)।** ठाकुरदेव गणेश उत्सव समिति ग्राम चिटौद।

## जलसन एवं मरही डबरी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 1.16 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





कुरुद को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर नगर के जलसन एव मरही डबरी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए राज्य शहरी विकास अभिसरण से 1 करोड़ 16 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति हुई है। इस संदर्भ में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने बताया कि नगरपालिका बनने के बाद कुरूद को लगातार बड़ी सौगात विधायक श्री चन्द्राकर की अनुशंसा से मिल रही है। जलसन तालाब के लिए रोड, नाली और गहरीकरण के लिए 62 लाख और मरही डबरी तालाब के रोड, नाली और गहरीकरण के लिये 54 लाख कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। इस स्वीकृति पर हर्ष जाहिर करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि जिन तालाबों की लगातार पिछले कांग्रेस कार्यकाल ने अनदेखी की, उस विकास कार्य को विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ पर कुरूद नगर पालिका निरंतर आगे बढ़ा रही है।

## नशा अपराध की पहली सीढ़ी है : अजय

- दरबा स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता पर हुई गोष्ठी, 200 बच्चों ने ली नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



नशामुक्त भारत अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान, नशामुक्ति केंद्र कुरूद के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शाउमावि दरबा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की ओर जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। अतिथि चौकी प्रभारी अजय सिंग, प्राचार्य शाउमावि दरबा श्रीमती कटारे, उपप्राचार्य श्री बघेल, श्रीमती मधुलता एवं नशामुक्ति अध्यक्ष डॉ.मनोज साहू, उदय कुमार सचिव, खेमचंद जंजीर थे। इस अवसर पर खेमचंद गंजीर ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र कुरूद में नशा पीड़ति व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास, मेडिटेशन एवं व्यायाम के साथ नशे पीड़ति व्यक्तियों का इलाज प्राकृतिक एवं आध्यामिक प्रक्रिया के तहत काउंसिलिंग एवं साइकोलॉजी कक्षाओं के बिना भेदभाव के इलाज किया जा रहा है। उदय साहू ने बताया कि नशा से व्यक्तियों को सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक तकलीफों से गुजरना पड़ता है। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू ने कहा कि नशा से नुकसान ही होता है। स्वास्थ्यगत समस्याएं जैसे लीवर, किडनी, फेफड़ो का डेमेज होना, फोकस एण्ड कंसन्टेशन लॉस, माइण्ड डिस आर्डर एण्ड डिप्रेशन, सॉइकोसिस यानी भ्रम की बीमारी, पैनिक अटैक, दुर्घटना, आत्महत्या करने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी रोकथाम के लिए समाज में नश मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रश्न किए। पुलिस चौकी बिरेझर प्रभारी अजय सिंग ने कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब, गांजा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान नशा मुक्ति को लेकर रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कार दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 200 बच्चों को शपथ दिलाई गई।

शिक्षक विद् दुलारुराम साहू ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। समाजसेवक तुलसीराम साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन कटारे मैडम ने किया। मौके पर नशामुक्ति प्रभारी सुश्री दुर्गेश ठाकुर, प्रिया ठाकुर, चौकी बिरेझर से कांतिलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## लीलर और कलारतराई को मिली गौरव पथ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने लीलर और कलारतराई गांव को गौरव पथ की सौगात दिलाई है। दोनों ग्रामों में गौरव पथ निर्माण के लिये उन्होंने 21-21 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाई है।

विधायक ओंकार साहू ने पंचायत मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में सुदृढ़ बुनियादी ढांचे से ही सर्वांगीण विकास संभव है। गौरव पथ बनने से आवागमन सुविधा जनक होगा और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरा होने वाली हैं। लीलर सरपंच हेमंत नेताम, सूर्या नेताम वरिष्ठ नागरिक, लीलाराम मंडावी, प्रीतराम ध्रुव, सखाराम नेताम, तुकाराम यादव, हेमलाल मरकाम सहित अन्य ग्रामीणों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता जताते हुए विधायक साहू का आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार ग्राम कलारतराई से पूर्व सरपंच साधना यशवंत साहू, पूर्व सरपंच लवण किशोर, राजाराम, भूषण ध्रुव, करण साहू, लोकपाल मारकंडे, नीलकंठ ध्रुव, राहुल सिन्हा व ओमप्रकाश निर्मलकर ने कहा कि यहां सीसी रोड उनके गांव की प्रगति और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## छात्रों को नेत्रदान व आंखों की सुरक्षा पर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में नेत्रदान पखवाड़ा नेत्र सहायक अधिकारी राजेश सोनी नेतृत्व में मनाया गया। श्री सोनी द्वारा छात्रों को नेत्रदान व आंखों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य वाईपी गोस्वामी, शिक्षकगण देवेन्द्र साहू, योगेश साहू, ख़ुशी साहू, किरण साहू, साक्षी शिंदे, ममता डहरिया समेत छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## छत्रपाल का अंडर 19 वर्ग 400 मीटर दौड़ में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

एसजीएफ खेल अंतर्गत जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता सलोनी स्कूल में हुई जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के कक्षा 12वीं के छात्र छत्रपाल का चयन अंडर 19 वर्ग में 400 मीटर दौड़ में हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर ने हर्ष जताया है।

## हॉकी के जादूगर की जयंती पर हुआ खो-खो



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में चारों हाऊस सत्यम हाउस, शिवम हाऊस, सुंदरम हाउस और मधुरम हाऊस के मध्य खो-खो का आयोजन किया गया। यह मैच बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में सम्पन्न हुआ। मैच 10 -5-10 मिनट का खेला गया। बालिका वर्ग में यूनिता टीम 2 अंक से विजयी रही। बालक वर्ग में नोमेश टीम 5 अंक से विजयी रही। विजेता टीम को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर के बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी. शर्मा, एस साहू, जे. ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा यह स्थान : नीलम

# भोथली में शेड निर्माण कार्य का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम भोथली में 16.17 लाख रुपये की लागत से हुए शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण कृषि उपज मंडी कुरूद के पूर्व अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने तीज महोत्सव कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभापति जिला पंचायत तारिणी चन्द्राकर भी शामिल हुईं।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि नीलम चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शेड सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जहां लोग एकजुट होकर विचार-विमर्श और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह शेड न केवल लोगों को एक छत के नीचे लाने का काम करेगा, बल्कि समाज में आपसी मेलजोल और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि गांव और शहर में ऐसे सामुदायिक ढांचे तैयार हों, जो लोगों के लिए सहजता से उपलब्ध हों और उन्हें अपने विचारों को साझा करने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का अवसर मिले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भोथली सरपंच योगेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक महामंत्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, पूर्व सरपंच ईश्वरी साहू, दिनेश्वरी देवांगन, त्रिभुवन साहू, लीला साहू, पोखराज नेताम, सुरेंद्र देवांगन, नोहरू यादव, लोमश देवांगन, विवेकानंद सेन, कुंभदास मानिकपुरी, कुंजबिहारी, भागवत, ज्ञानू, मोनू, दिनेश, कुलभूषण, दानू, नेमी, जगे, राकेश, रमा समेत बजरंग दल के सदस्य उपस्थित थे।

### तीजा नारी शक्ति के मान-सम्मान का पर्व

विशेष अतिथि तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति के मान, सम्मान और दृढ़ निश्चय का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। मान्यता है कि माता पार्वती ने ही शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए सबसे पहले यह व्रत किया था। तीजा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे मातृशक्ति और सम्मान के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## कोसमर्रा में तिजहारिनों ने खाया करुभात

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा






ग्राम पंचायत कोसमर्रा में तिजहारिन महिलाओं के लिए करुभात का आयोजन साहू समाज भवन में ग्राम विकास समिति एवं महिला कमांडो द्वारा किया गया। तीजा आई महिलाओं ने एकसाथ बैठकर करुभात खाया।

इस अवसर पर सरपंच डॉ कुलेश्वर साहू, उपसरपंच हेमलाल चौरे, पंच श्रीमती मीना साहू, चित्ररेखा साहू, घसनीन साहू, सागर साहू, चित्रकला साहू, देवकुमारी मानिकपुरी, अर्जुन साहू, जोहत साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद कंवर, गोविंदा साहू, भगवानीराम शांडिल्य, विश्राम यादव, अमित बनपेला, महेश हिरवानी, मनहरण यादव, धनेश्वर साहू, महिला कमांडो फूलबाई कंवर, धनेश्वरी पारधी, जनिया निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### गणेशोत्सव के लिए हुई शांति समिति की बैठक

**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में गणेश समिति के सदस्यों एवं आयोजकों का शांति समिति का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों को पूर्ण सुरक्षा एवं शासन प्रशासन द्वारा तथा न्यायालयों द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से गणेश उत्सव मनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पूरे त्यौहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए के लिए समझाईस दी गई। उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र- डीजे, धुमाल इत्यादि के संबंध मे जारी दिशा निर्देशों एवं गाइडलाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सभी समितियों को अपने कार्यक्रम की जानकारी संबंधित थाना क्षेत्र को देने और स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया।

### गड्ढे में गिरने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 68 वर्षीय राजू कोर्राम का मौत नर्सरी की ओर गढ्डा में गिर जाने से 26 अगस्त को हो गया। बरकई निवासी देवचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति सही नही था। काफी बुजुर्ग था व शौच करने के लिए नर्सरी की ओर गया था। वापस आते समय गढ्डा में गिर गया व पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फांसी के फंदे में लटका मिला महिला का शव, जांच शुरू

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 26 वर्षीय नेलेश्वरी वट्टी ने खेत लाड़ी की ओर गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साल्हेभाट निवासी देवेंद्र वट्टी ने पुलिस को बताया कि मृतिका 27 अगस्त को रात का खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए गई थी। अगले दिन सुबह मै खेत की ओर मशीन चालू करने के लिए गया तो देखा कि मृतिका ने खेत लाड़ी में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### लुलेगोंदी ईंट भट्ठा मार्ग पर मिली लाश, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत लुलेगोंदी निवासी रंजित पोया का अज्ञात कारणों के चलते 10 अगस्त को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लुलेगोंदी के ईट भट्टा जाने वाले मार्ग पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। कान से खून निकल रहा था। मृतक की मौत कैसे हुई यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आदर्श कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद के स्मरण में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रियंका जायसवाल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका गवर्ना, खिलेश्वर कोसमा, क्रीड़ा अधिकारी नीरज कुमार पटेल एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव ने माता सरस्वती व मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्रीड़ा अधिकारी नीरज कुमार पटेल ने मेजर ध्यानचंद के जीवन खेल हॉकी व जीवन हॉकी का जादूगर उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। महाविद्यालय में समस्त विद्यार्थियों की बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को डायरी एवं पेन दिया गया।

---

जिला संगठन बूथ स्तर तक सक्रियता और मजबूती के साथ कार्य कर रहा है : बैस

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने की प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात, संगठन सुदृढ़ीकरण पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी







भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने राजधानी रायपुर में भाजपा प्रदेश संगठन के महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कण्डेय और कार्यालय मंत्री अशोक बजाज से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही धमतरी जिले में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की।

प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा का मूल बल संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की निष्ठा है। कार्यकर्ता ही पार्टी की आत्मा है और संगठनात्मक सुदृढ़ता से ही पार्टी अपने राजनीतिक और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त कर सकती है। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि धमतरी जिला संगठन बूथ स्तर तक सक्रियता और मजबूती के साथ कार्य कर रहा है तथा आगे भी संगठन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक रूप से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसकी शक्ति गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ पर कार्यरत कार्यकर्ताओं से आती है। उन्होंने श्री बैस को जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को और सशक्त बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया और विश्वास जताया कि धमतरी का संगठन प्रदेश स्तर पर एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि धमतरी जिला संगठन के पास कार्यकर्ताओं का बड़ा नेटवर्क है, जिसे और अधिक प्रशिक्षित एवं सक्रिय बनाकर आने वाले चुनावों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने संगठन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने प्रकाश बैस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि संगठनात्मक संवाद और समन्वय ही सफलता की कुंजी है। प्रदेश और जिला स्तर पर इस प्रकार की निरंतर बैठकों और चर्चाओं से संगठन की जड़ें और गहरी होंगी। इस दौरान जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर दुबे और नागेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार रखते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ता प्रशिक्षण और आम जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुलाकात के दौरान भविष्य की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें विशेष रूप से बूथ स्तर पर संगठन विस्तार, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सोशल मीडिया के माध्यम से जनसंपर्क मजबूत करने तथा पंचायत से लेकर नगरीय निकाय चुनावों तक के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करने जैसे विषय शामिल रहे।

प्रकाश बैस ने कहा कि धमतरी जिला संगठन का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना ही नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक भाजपा की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश नेतृत्व के संकल्पों को पहुंचाना है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को आश्वस्त किया कि धमतरी का संगठन पूरी मजबूती से पार्टी के लक्ष्य और दृष्टि को मूर्त रूप देने के लिए कार्य करेगा।

---

# क्षमा मांगने वाला वीर तो क्षमा करने वाला महावीर होता है

- जैन साधु महेन्द्र सागर, प्रशम सागर धमतरी में बिता रहे चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रवर अध्यात्मयोगी महेंद्र सागर महाराज साहेब, प्रवर युवामनीषी स्वाध्याय प्रेमी मनीष सागर महाराज साहेब के सुशिष्य परम पूज्य प्रशम सागर महाराज साहेब परम पूज्य योगवर्धन महाराज साहेब पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार धमतरी में विराजमान है। 28 अगस्त को प्रशम सागर महाराज साहेब ने कहा कि कल हमने सांवत्सरिक प्रतिक्रमण किया। इसके माध्यम से हमने पिछले एक साल में हुए पाप कार्यों के लिए क्षमायाचना की। अपने मन, वचन और कार्यों से प्रत्यक्ष या अत्यक्ष रूप से किसी का दिल दुखाया हो तो उसके लिए अंतर्मन से क्षमायाचना करना है ताकि उस कर्मों का बंध न हो सके। उससे छुटकारा मिल सके। अंतर्मन को कर्मों से हल्का करने के लिए ये क्षमायाचना का पर्व आता है। अपने अंदर से प्राणी मात्र के लिए जो भी कदाचरण हुआ हो उसके लिए क्षमायाचना करना है। और साथ ही सभी को क्षमा भी करना है। क्योंकि क्षमा मांगने वाला वीर होता है लेकिन क्षमा करने वाला महावीर होता है। हमें भी महावीर बनना है।

इसीलिए आज ये सामूहिक क्षमायाचना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हमें प्रयास करना है कि हमारा क्षमायाचना हमारे अंतर्मन से हो। साथ ही सभी तपस्वियों का सामूहिक पारणा धनकेशरी मंगलभवन में रतनलाल विनोद कुमार संचेती परिवार द्वारा रखा गया था एवं कार्यक्रम के मध्य अल्पाहार शांतिलाल भाई दीपचंद भाई खिलोसिया परिवार द्वारा रखा गया था।

---

# छात्र व शिक्षकों ने स्वस्थ रहने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

हॉकी चैंपियन मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को शाउमावि अंवरी में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान व्याख्याता केशवलाल यादव ने सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों को स्वस्थ व तंदरुस्त रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राचार्य पी एन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, लालबहादुर साहू, योगेश साहू, पूर्णानंद सारंग, व्याख्याता केएल घोघरे, पी. सिन्हा, स्वाति टण्डन, वत्सला चन्द्राकर, गीता जांगड़े, विज्ञान सहायक शिक्षक डीके साहू समेत अन्य कर्मचारी रामहू ध्रुव, झनक लहरे, पी डहरे, नरसिंग नेताम व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक करू भात का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम पंचायत मुजगहन में विप्र ब्राह्मण समाज मुजगहन धमतरी के तत्वाधान में माताओं, बहनों, बहुओं एवं बेटियों के लिए सामूहिक करू भात का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा सोमवार को संध्या 4 बजे से रात 8 बजे तक स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज जिला धमतरी के पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे, अध्यक्षता ब्राह्मण समाज जिला धमतरी के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र श्रोती ने की। विशेष अतिथि के रूप में विप्र ब्राह्मण समाज मुजगहन के अध्यक्ष पं. कमल नारायण तिवारी, धमतरी तहसील ब्राह्मण समाज के मिडिया प्रमुख राजकुमार तिवारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन राजेंद्र शर्मा एवं हरि नारायण तिवारी ने शिरकत की।

विप्र ब्राह्मण समाज मुजगहन धमतरी के पदाधिकारियों तथा कार्यकारणी सदस्यों ने कार्यक्रम के आरम्भ में सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। अतिथियों ने स्वागत के पूर्व भगवान शंकर माता पार्वती सहित भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने सर्व समाज की मातृ शक्तियों को नमन करते हुए कहा कि करू भात का परम्परा आदि काल से चला आ रहा है, छत्तीसगढ़ में यह आयोजन भी वर्षों से चला आ रहा है। इस तरह के आयोजन में हमारी बहनों, बेटियों, बहुओं सहित माताओं का वह भी सर्व समाज से उपस्थित मातृ शक्तियो का एक साथ एक मंच पर एकत्रित होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। तीज पर्व के समय इस प्रकार के सामूहिक करूभात का आयोजन छत्तीसगढ़ में प्रारम्भ हो गया है यह सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य है।

उक्त कार्यक्रम में में विप्र ब्राह्मण समाज मुजगहन धमतरी के पदाधिकारियों, कार्यकारणी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

---

# जनजातीय समाज का उत्थान ही विकसित भारत की नींव : रोहरा



**धमतरी।** आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत धमतरी में जिला स्तरीय प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मोनिका देवांगन और अजय ध्रुव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि जनजातीय समुदाय को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ना ही राष्ट्र निर्माण का सच्चा मार्ग है। विकास का वास्तविक अर्थ बताते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भारत विकास की ओर तेजी से अग्रसर है, लेकिन राष्ट्र तभी सशक्त बनता है जब समाज का हर वर्ग बराबरी से इस यात्रा में शामिल हो। विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब आदिवासी भाई-बहन विकास की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनजातीय समाज आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, इसलिए शासन और समाज दोनों को मिलकर इनके उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मोनिका देवांगन और अजय ध्रुव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएँ निश्चित ही सराहनीय हैं, लेकिन बदलाव तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने आह्वान किया कि जनजातीय समाज को केवल योजनाओं का लाभार्थी न मानकर, योजनाओं का सक्रिय सहभागी बनाया जाए।

---

# छात्र सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें : डा. द्विवेदी

- सुखराम नागे कालेज में मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य एवं मानसिक कल्याण पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु मानसिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। आधुनिक जीवनशैली, तनाव, नकारात्मक विचारधारा तथा सामाजिक चुनौतियों का गहरा प्रभाव युवाओं की शिक्षा एवं जीवन यात्रा पर पड़ रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में प्राचार्य डा मनदीप खालसा के मार्गदर्शन पर मनौवैज्ञानिक स्वास्थ्य एवं मानसिक कल्याण की रणनीतियां विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. सरला द्विवेदी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें और आत्मशक्ति को पहचानकर सकारात्मक सोच का विकास करें, तो वे न केवल शैक्षणिक सफलता प्राप्त करेंगे बल्कि जीवन की कठिन परिस्थितियों का भी धैर्यपूर्वक सामना कर सकेंगे। उन्होंने आत्म अनुशासन, भावनात्मक संतुलन, ध्यान, योगाभ्यास तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया।

प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सशक्त समाज निर्माण के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सार्थक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपा देवांगन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और अनेक जिज्ञासाओं पर विशेषज्ञ से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक डा. कविता नारंग रहीं। इस अवसर पर डॉ.रमेश देवांगन, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ .अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, सुश्री डिलेश्वरी पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# धमतरी विधायक ओंकार साहू रामधुनी सम्मेलनों में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



क्षेत्र में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रामधुनी सम्मेलनों में धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पोटियाडीह (आमापारा) में आयोजित एक दिवसीय रामधुनी सम्मेलन में सम्मिलित होकर विधायक साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भक्ति, आस्था और एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने इसे अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति बताया। वहीं, नागदेव मंदिर हटकेशर (धमतरी) में आयोजित दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन के समापन अवसर पर उपस्थित होकर विधायक साहू ने आयोजकों, ग्रामवासियों एवं भक्तगणों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

विधायक ओंकार साहू ने दोनों आयोजनों की सफलता हेतु आयोजक मंडली, ग्रामवासी एवं श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से धमतरी विधायक ओंकार साहू, सूरज गहरवाल (पार्षद), भागीरथी ध्रुव (पार्षद प्रतिनिधि), मोनू साहू, बी.एल. निर्मल, ईश्वर पटेल, कमलेश पटेल, चैनसिंह साहू, उमेश बनशोर, खिलावन पटेल, गुलशन पटेल, संतोष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कन्हैया मारकंडे, देशराम ध्रुव, इंद्रजीत निर्मलकर तथा पोटियाडीह में शीशुपाल (अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति), नरेंद्र कांकरिया, अंकुरपूरी गोस्वामी, संजय पटेल, जितेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

शिविर में एनएसएस के 25 स्वयंसेवकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक के निर्देशन में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2025 का आयोजन 28अगस्त को बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के खेल मैदान में किया गया। इस शिविर में 25 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, एन आर एम गर्ल्स कॉलेज धमतरी, नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल, शासकीय पी जी कालेज कुरूद, नवीन शासकीय महाविद्यालय आमदी एवं शासकीय पी जी कालेज भखारा के प्रतिभागी सम्मिलित हुये।

शिविर में प्रतिभागियों के मूल्यांकन का आधार ऊंचाई, भार, दौड़, परेड, सामान्य ज्ञान एवं सांस्कृतिक गतिविधियां रहा।

शिविर के चयन समिति में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक निरंजन कुमार, पीतांबर सिन्हा कार्यक्रम अधिकारी नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल, रोली जांगड़े कार्यक्रम अधिकारी एन आर एम गर्ल्स कॉलेज धमतरी एवं आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी रहे। शिविर में चयन प्रक्रिया की शुरुआत प्रतिभागियों के ऊंचाई एवं भार का मापन कर किया गया। गतिविधियों में सर्वप्रथम दौड़ 1.5 किमी 10 मिनट रहा, एनसीसी इंस्ट्रक्टर के नेतृत्व में परेड का परीक्षण 20 मिनट लगातार करवा कर किया गया साथ ही कमाण्ड देने और सुनने की क्रिया का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों के सांस्कृतिक निरीक्षण की जाँच करते हुए साक्षात्कार ली गई। इसमें चयनित प्रतिभागी पुरूष वर्ग में प्रथम संकेत कुमार (एम ए) बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, द्वितीय तुषार साहू (बी ए) शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल, एवं तृतीय जागेंद्र सिंह(बी एस सी) शासकीय महाविद्यालय कुरूद तथा महिला वर्ग में प्रथम दिव्या महार(बी काम) बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, द्वितीय थनेश्वरी साहू(बी ए) शासकीय महाविद्यालय कुरूद एवं तृतीय भोजकुमारी(बी एस सी) साहू शासकीय महाविद्यालय कुरूद रहे। निर्णायकों का निर्णय निस्वार्थ एवं निष्पक्ष रहा। जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय चयन शिविर में भाग लेंगे।

रासेयो जिला संगठक निरंजन कुमार ने करंट अफेयर, सांस्कृतिक गतिविधयों एवं परेड की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। पीताम्बर सिन्हा सहा. प्राध्यापक कंडेल ने प्रतिभागियों को उद्बोधित करते हुये कहा कि वह प्रतिभागी जो चयनित नही हो पायें वह निराश ना हो, निरंतर आगे प्रयास करते रहें एवं अपना सामान्य ज्ञान का स्तर बढ़ाये। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2024 बिहार में सम्मिलित स्वयंसेविका विभा पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा किये। श्रीमती आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी ने आभार प्रकट किया। शिविर में डा यशोदा साहू सहा. प्राध्यापक मगरलोड के साथ स्वयंसेवक विभा पाण्डेय, गौरा, महिमा, लोचन, कुलदीप तथा अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

---

# छात्रों ने नशा से दूर रहने का लिया संकल्प



- खरेंगा स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग, जननी सेवा संस्थान अर्जुनी, राष्ट्रीय सेवा योजना (खरेंगा इकाई) तथा गायत्री शक्तिपीठ धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नारायण कौशिक जिला प्रभारी किशोर कौशल अभियान, लक्ष्मण यादव सेवानिवृत्त प्राचार्य एकलव्य विद्यालय, मैकूराम निषाद सचिव खरेंगा, श्रीमती अनीता वैद्य प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र, थनेश्वर चक्रधारी, कुमारी किरण निषाद थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। नशा से दूर रहने एवं समाज को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार यादव, प्रफुलनाथ योगी,एम.के. रत्नाकर, प्रभुलाल सिन्हा, टमेश्वरी पुरुषोत्तम, गणेश्वर, गेतेंद्र, लेनिशा, ओंकार, एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक कल

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील कुरुद की बैठक 31 अगस्त को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सामुदायिक भवन ग्राम सिर्री में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक एजेंडा सामाजिक नियमावली का पाठन एवं प्रकाशन हेतु अंतिम रूप एवं रसीद बुक वितरण, पाली, परिक्षेत्र का दो वर्ष का सामाजिक गतिविधियों एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर एवं झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, फलेंद्र ध्रुव, तहसील महासचिव पोखराज नेताम परिक्षेत्र सचिव, तेजराम छेदैया कार्यवाहक अध्यक्ष तहसील कुरूद ने समस्त सामाजिक बंधुओं से ग्राम सिर्री के बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### चन्द्रसूर में डीजे डांस प्रतियोगिता 31 को

**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर में त्रिमूर्ति गणेश एवं लक्ष्मी उत्सव समिति पटेलपारा के तत्वावधान में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त रविवार को किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1500 रूपये है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1000 रूपये, तृतीय 700 रूपये, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 700 एवं तृतीय पुरस्कार 500 रूपये है। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 151 रूपये, युगल में 100 रूपये तथा एकल नृत्य में 50 रूपये है। आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति संरक्षक देवचरण साहू ने दी है।

### दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र अनिवार्य हो

**धमतरी।** दिवयांगजनों के समग्र पुनर्वास हेतु जटिलता को कम करने के लिए भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा विशिष्ट पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.) जारी किये जा रहे है। समस्त 21 प्रकार की दिव्यांगजनों से संबधित विशिष्ट पहचान पत्र जारी करने से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए दिवयांगजनों को अन्य अभिलेखीकरण प्रक्रिया से गुजरना नही पड़ेगा। घनशयाम सिंह साहू ने बताया कि यह कार्ड पूरे भारत में वैध रहेगा साथ ही इस कार्ड में आधार कार्ड और दिव्यांगता की मेडिकल प्रमाण पत्र फोटो के साथ पूरी जानकारी संलग्न रहती है जिसे कैप्चर कोड के माधयम से स्कैन कर देखा जा सकता है। इसमें दिव्यांगों के लिए 1 से 40 प्रतिशत के लिए नीला, 41 से 80 प्रतिशत के लिए पीला एवं 80 से अधिक - दिव्यांगता में लाल कलर की पट्टी यूडीआईडी में प्रदर्शित की जाती है। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि जिला कार्यालय के समाज कल्याण विभाग में पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड और मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र जमा करना होता है यह प्रक्रिया निःशुल्क होता है जिससे उपकरण प्रदाय योजना के साथ अन्य अभिलेखीकरण में काम आता है।

## खेल दिवस पर चर्चा : खेल सुविधाओं का अभाव फिर भी अपने दम पर किया शानदार प्रदर्शन

# धमतरी के खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


हिमांशी नेताम


टोमिन निषाद


दीप्ति साहू


कुणाल यादव

जिले में खेल सुविधा का अभाव होने के बाद भी कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने दम पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा तवज्जो नहीं देने पर वापस गुमनामी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

ऐसे ही एक खिलाड़ी हिमांशी नेताम (सलोनी) हैं। महज 14 वर्ष की आयु में 2022-23 में रायपुर जोन की तरफ से हॉकी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उनका सिलेक्शन हुआ। हिमांशी ने छग राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्वालियर (मप्र) में खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 2023-24 में नेहरू हॉकी के लिए दो बार छग का प्रतिनिधित्व किया।

कु. टोमिन निषाद का पसंदीदा खेल हॉकी रहा है। जवरगांव भंवरमरा गांव निवासी टोमिन ग्रामीण परिवेश में रहने के बाद भी हॉकी खेल के कौशल एवं तकनीकी दक्षता के आधार पर राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

कक्षा नवमी की छात्रा दीप्ति साहू हॉकी की उभरती हुई खिलाड़ी है। संभाग स्तरीय हॉकी स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नेशनल की तैयारी में जुटी हैं। सलोनी निवासी दीप्ति मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं फिर भी शिक्षा और खेल के लिए तत्पर हैं।

कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाड़ी गोकुलपुर निवासी कुणाल यादव 15 वर्ष की आयु में बालक फ्री स्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप रांची 2021 में भाग लेकर आल इंडिया 6वां स्थान प्राप्त कर अंचल का नाम रोशन किया। पंचकूला हरियाणा में भी 2022 में छग राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल, हरिद्वार, रोहतक, नंदनी नगर (उप्र), पुणे आदि में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं मेडल प्राप्त किया।



सम्बलपुर स्कूल के लगभग 25 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो, जीत कुने डो, क्वान की डो, मार्शल आर्ट स्पर्धा में अपना लोहा मनवा चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इन खिलाड़ियों ने लगभग 50 मेडल जीते हैं। ताइक्वांडो इंडियन इंटरनेशनल स्तर पर गीतांजलि साहू, देवदत साहू, मनीषा साहू को मेडल मिला। ताइक्वांडो नेशनल में गीतांजलि, मनीष साहू, देवदास साहू, टिकन्द्र पटेल, नीलम साहू को गोल्ड मेडल मिला।

राष्ट्रीय स्तर की जीत कुने डो स्पर्धा में मधुलिका, बीना सोरी, यादराम विश्वकर्मा को ब्रांज मेडल मिला है। क्वान की डो राष्ट्रीय स्पर्धा में भीम यादव को ब्रांज मेडल, रूस्तम ब्रांज, हिरमेंद्र निर्मलकर को गोल्ड, भावेश साहू को गोल्ड, वेदपुराण साहू को सिल्वर, लीलेश्वरी पटेल को सिल्वर, तोरण यादव को सिल्वर, चंदन यादव को सिल्वर, भाविका साहू को ब्रांज एवं विवेक मैत्रेय को सिल्वर मेडल मिला।

## जैन धर्म की शिक्षा आज पूरे विश्व के लिए आवश्यक : महापौर

**संवत्सरी पर्व पर निकली जैन समाज की शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



संवत्सरी पर्व के अवसर पर जैन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत बालक चौक पर महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में किया गया। श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि जैन धर्म का आदर्श वाक्य अहिंसा परमोधर्म आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हिंसा, आतंक और द्वेष से ग्रसित इस समय में जैन धर्म का मार्ग ही मानवता को शांति और सह अस्तित्व की राह दिखा सकता है। आगे कहा कि जैन समाज अपनी संयमित जीवनशैली, तपस्या और सेवा भाव से सदैव समाज को प्रेरित करता रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और परोपकार के क्षेत्र में जैन समाज का योगदान अत्यंत सराहनीय है।

क्षमा वीर का आभूषण है। जीवन में क्षमा और करुणा को अपनाना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। संवत्सरी पर्व आत्मावलोकन और प्रायश्चित का अवसर है, जब मनुष्य अपने दोषों के लिए क्षमा याचना करता है।

महापौर श्री रोहरा ने आगे कहा कि वास्तव में जैन धर्म की शिक्षाएं न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व को शांति, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की दिशा में अग्रसर कर सकती हैं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, श्रीमती श्यामा साहू, विजय मोटवानी, पवन गजपाल, अविनाश दुबे, नीलेश लूनिया, श्याम लाल नेताम, पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, कुलेश सोनी, राकेश चंदवानी, चन्द्रभागा साहू, हेमंत चंद्राकर, अज्जु देशलहरे, नम्रता पवार, नीतू द्विवेदी, सीमा चौबे, रीता बंजारे, संजय देवांगन, कैलाश सोनकर, राम सोनी, इंद्रेश देवांगन, आशा लोधी, रिंकू यादव, गोपाल साहू, पिंटू डागा सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### डीजे डांस स्पर्धा 2 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह कुर्रा में गणेश चतुर्थी पर्व पर श्री विघ्नहर्ता युवा गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता 2 सितंबर को रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में ज्ञानचंद साहू, चंदन साहू, हिमांशु साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### भजन 3, नृत्य स्पर्धा 4 को

**धमतरी।** गणेशोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल द्वारा भक्ति संगीत पर आधारित भजन प्रतियोगिता 3 सितंबर को 3 बजे और 4 सितम्बर को भक्ति गीत पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता 3 बजे से और 5 सितम्बर को 3 बजे से शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन महालक्ष्मी ग्रींस राधा कृष्ण भवन विवेकानंद नगर धमतरी में किया गया है। नृत्य प्रतियोगिता में मोबाइल या पेन ड्राइव का प्रयोग कर सकते हैं। प्रतियोगिता की तैयारी में पीव्ही पराडकर, वीरेंद्र साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## जिले में औसत से पांच फीसदी कम बारिश

- कुकरेल तहसील में अधिक, मगरलोड में कम वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में औसत वर्षा के मुकाबले 95 फीसदी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। कुकरेल, धमतरी तहसील में औसत से अधिक तथा अन्य तहसील में औसत से कम बारिश हुई है। वर्षाकाल का समय अभी डेढ़ माह है जिसमें करीब 500 मिमी वर्षा होने पर शत प्रतिशत वर्षा का रिकार्ड बनेगा।

जिले की सात तहसील में सबसे अधिक बारिश का रिकार्ड कुकरेल तहसील ने बनाया है। 1 जून से अब तक यहां 1094 मिमी बारिश हो चुकी है। औसत वर्षा के मुकाबले यहां 128.5 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई है। धमतरी तहसील में 898.5 मिमी बारिश हो चुकी है। यह औसत के मुकाबले 108.5 प्रतिशत है। मगरलोड तहसील बारिश में अभी भी काफी पीछे है जो औसत वर्षा का 74.1 प्रतिशत है। बेलरगांव तहसील में 706.8 मिमी बारिश हुई है। यह औसत वर्षा का 84.9 प्रतिशत है। पिछले साल सबसे अधिक बारिश वाली तहसील भखारा में इस साल 664.5 मिमी बारिश हो पाई है। यहां औसत की 82.2 प्रतिशत वर्षा हो पाई है। नगरी तहसील में 778.2 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। यहां औसत से 10.5 फीसदी कम बारिश तथा कुरूद में 735.5 मिमी बारिश के साथ औसत वर्षा के मुकाबले 93.1 प्रतिशत बारिश हुई है। जिले की सातों तहसील में इस साल औसत वर्षा 777.1 मिमी दर्ज की गई है, जो 10 वर्ष की औसत वर्षा के मुकाबले 94.8 फीसदी बारिश है।

### दो दिन बाद फिर गरजेगा बादल

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में दो दिनों तक मेघगर्जन तथा वर्षा की गतिविधि में कमी आने के बाद मेघ गर्जन की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। एक द्रोणिका दक्षिण छग से उत्तर केरल तक चक्रवाती परिसंचरण से होकर गुजर रही है। दो दिन बाद प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

## कला महोत्सव में विद्याकुंज स्कूल ने किया बेहतर प्रदर्शन










हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला कला महोत्सव का आयोजन बीआरसी भवन धमतरी में हुआ। धमतरी, कुरूद, नगरी, मगरलोड विकासखंड से प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिसमें विद्याकुंज स्कूल लोहरसी से एकल शास्त्रीय गायन में नमन मिथिलेश प्रथम, एकल तबला वादन में युग त्रिवेदी प्रथम, भरतनाट्यम में अरु नेताम प्रथम, दृश्य कला पेंटिंग में सौम्या बनवासी द्वितीय, सामूहिक रंगोली प्रतियोगिता में चांदशी, श्रिया प्रांजल नायक, आस्था एवं अंशुल भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसमें संगीत कला शिक्षक शुभम यादव का भी योगदान रहा। बाल कलाकारों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन, प्राचार्य एवं विद्यालय स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।

## राइफल शूटिंग खिलाड़ी सौम्या का हुआ सम्मान

- केवि की छात्रा ने स्वर्ण तथा रजत पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन को पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान श्रीमती रूप कुमारी चौधरी सांसद महासमुंद, रामू रोहरा महापौर की उपस्थिति में हुआ। सम्मान समारोह में केंद्रीय विद्यालय धमतरी कक्षा 8वीं की छात्रा सौम्या सोनबेर को 10 मीटर ओपन साईट राइफल शूटिंग के खेल में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में रजत पदक प्राप्त करने पर सांसद ने सम्मानित किया।

शिक्षक अनुभव सोनबेर की पुत्री सौम्या कक्षा 6वीं से ही प्रशिक्षक एस.के. पाण्डेय के निर्देशन में 10 मीटर ओपन साईट राइफल शूटिंग के खेल में अभ्यास शुरू कर दिया था। अगले ही वर्ष केवीएस की राष्ट्रीय प्रतियोगीता में स्वर्ण पदक के साथ नया मीट रिकार्ड बना सौम्या ने श्रेष्ठता साबित की थी। भविष्य में अपने देश के लिए पदक हासिल करने का सपना देखने वाली सौम्या शूटिंग का नियमित अभ्यास करती है। सौम्या को मिले इस सम्मान पर प्राचार्य गिरीश बाबु कुस्तवार, वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू, हेमसिंग पटेल खो-खो प्रशिक्षक सहित शूटिंग टीम के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

### निगम टीम ने स्कूल परिसर की पांच दुकानें सील की



**धमतरी।** निगम टीम ने 29 अगस्त को हाटकेश्वर स्कूल स्थित परिसर में पांच दुकानों को सील किया। इस प्रकार कुल 10 दुकानों को सील किया जा चुका है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके पश्चात वार्डों में नल कनेक्शन विच्छेद की कारवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में प्रमुख रूप से दल प्रभारी मोहम्मद शेरखान, दल सहयोगी चैतन्य सिंह चंदेल, कमलेश साहू, सनी वाल्मीकि, खिलावन रजक, कन्हैया मांडवी, कंचन किरण, सरिता सोना, शामिल रहे।

online Booking-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
राशि-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## एनएसयूआई ने पीजी कॉलेज में वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान चलाया



- 5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति के नाम भेजने का रखा है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएसयूआई ने बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का शुभारंभ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पर हो रहे हमले और वोट चोरी के खिलाफ यह लड़ाई निर्णायक है और इसमें छात्रों-युवाओं की भूमिका सबसे अहम है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिलेभर में यह अभियान चलाया जाएगा। 5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति के नाम भेजने का लक्ष्य रखा गया है। लगातार एक सप्ताह तक जिले के सभी महाविद्यालयों में यह कार्यक्रम होगा। बीसीएस पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया और अपना समर्थन दिया। छात्रों ने सवाल उठाया कि अगर सबकुछ सही है तो चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट सार्वजनिक करने से क्यों कतरा रहा है।

जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ने कहा कि यह आंदोलन छात्रों-युवाओं की आवाज है और जब तक वोट चोरी की सच्चाई उजागर नहीं होगी, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही वोट चोरी के तहत वोटर अधिकार यात्रा से प्रेरित होकर एनएसयूआई ने इस अभियान को आगे बढ़ाया है। इस दौरान मनीष साहू, सुनील सिन्हा, धीरज सोनकर, गेवेन्द्र साहू, भौमिक नाग, मनोज खरे, मानव महिलांगे, लक्की, लक्ष्मी ओझा, मुस्कान ध्रुव, गौतम यादव सहित दर्जनों कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**धमतरी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को स्मरण करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने छात्राओं को खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवन के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं को भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ियों मेजर ध्यानचंद, गीता फोगाट, मिल्खा सिंह और मीराबाई चानू के नाम के समूहों में विभाजित किया गया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

CHATTERJEE
Pathology Lab
Start the Month with savings
40% OFF on all test on 1st of every month
Dr. Kritika Chatterjee (MBBS, MD Pathology)
7057689289
Chatterjee Hospital, Ambedkar chowk Puliya, Rudri Road, Dhamtari